Photo from Darshan Seju

3/15/22, 12:24 PM

# प्लास्टिक मुक्ति के लिए आमजन को होना होगा जागरूक : प्राचार्य

- स्वयं सेवकों ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

सच कहूँ/मनोज सोनी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान चलाया गया। अभियान के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टीनेंट दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हमारा विश्व अनेक प्रकार की भयानक बीमारियों का सामना कर रहा है। इन बीमारियों के लिए बहुत से कारक उत्तरदायी है, जिसमें से एक प्लास्टिक भी है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक एक ऐसी वस्तु है जो जल्दी से मिट्टी में विलीन नहीं होती। इसलिए हमें अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया बढ़ते प्लास्टिक के उपयोग एवं उसके कचरे से चिन्तित है। आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत भी चुका रहा है। लगातार प... पसार रही तबाही इंसानी गफलत... उजागर तो करती रही है। लेकि... समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत ... कर पाई। प्लास्टिक के कारण ... ही नहीं दुनिया में विभिन्न तरह समस्याएं पैदा हो रही हैं।



## 15 अगस्त तक मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा


महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह व प्रो. ज्योति झाझड़ा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे भारत मे 1 अगस्त से 15 अगस्त के पखवाड़े को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को महाविद्यालय में प्लास्टिक मुक्त परिसर व सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त किया गया। इसके साथ ही स्वय सेवकों व स्वय सेविकाओं ने महाविद्यालय मे सफाई अभियान भी चलाया जिसमें उन्होंने महाविद्यालय परिसर के साथ साथ विभिन्न प्रयोगशालाओं की भी सफाई की।

# कोरोना से बचाव का प्रभावी उपाय टीकाकरण

29 सितम्बर 2021

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में शहीद भगत सिंह जयंती पर एनसीसी और एनएसएस इकाइयों द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। भट्टू स्वास्थ्य केंद्र की एसएमओ डॉ. सुजाता बंसल ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके शिविर की शुरुआत की।

डॉ. सुजाता बंसल ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन के लिए जागृत करना चाहिए। भट्टू क्षेत्र में वैक्सीन लगवाने की रफ्तार अच्छी है परंतु अभी भी कुछ लोग वैक्सीन की पहली डोज लगवाने से दूर है उन्हें समाजसेवियों द्वारा जागृत करना चाहिए। वैक्सीनेशन ही कोरोना से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय नजर आ रहा है। प्राचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ने कहा कि एक अध्यापक और विद्यार्थी ही समाज को जागृत कर सकता है। महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी इस कार्य में बेहतरीन योगदान दे रहे हैं। शिविर के प्रभारी एनएसएस ऑफिसर राजेश कुमार और दीपक सिहाग रहे। इस मौके पर डॉ. सुभाष सिहाग, राजेंद्र सेवदा, रविंद्र कुमार, डॉ. राजाराम, विक्रांत मोहन, राजेश कुमार, सीताराम, अमित कुमार, ज्योति झाझड़ा, विजय कुमार, दिलसुख, अनिल सहरावत, मदन लाल, अनिल शर्मा, डॉ. कीर्ति चौधरी, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद




पोषण माह अभियान
1 सितम्बर - 30 सितम्बर
2021.




स्वच्छता अभियान (गांधी जयंती)
1.Oct.2021



classmate
Date
Page

# भट्टू के कालेज में मनाया संविधान निर्माण दिवस



संविधान दिवस पर शपथ लेते कालेज के विद्यार्थी। © जागरण

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय में संविधान निर्माण दिवस मनाया गया। राजनीति विज्ञान विभाग व एनएसएस के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य महेन्द्र प्रदीप ने कहा कि हमारा संविधान एक व्यावहारिक संविधान है, जो युद्ध व शांति दोनों ही समय कसोटी पर खरा उतरा है।

भारत के संविधान के बारे में विद्यार्थियों को पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान के मूल्यों तथा आदर्शों का पालन करना चाहिए। राजनीति विज्ञान के सहायक प्रो. राजेन्द्र कुमार व एनएसएस पुरुष इकाई प्रभारी दर्शन सिंह ने संविधान निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक विस्तृत है। संविधान ने पिछले 70 वर्षों में सफलता के साथ कार्य किया है। इसमें लचीलेपन तथा कठोरता का सुन्दर एवं अद्भुत मेल है। कार्यक्रम में भारतीय संविधान के निर्माण में डा. बीआर आंबेडकर के योगदान को याद किया गया।

संविधान
निर्माण
दिवस

26 नवंबर
2021



भट्टूकलां। मतदान को लेकर जागरूकता रैली निकालते महाविद्यालय के विद्यार्थी।

# विद्यार्थियों ने मतदान को लेकर निकाली रैली

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग की शत-प्रतिशत मतदान की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का शुभारंभ प्राचार्य लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ने किया। जो विद्यार्थी 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष या ज्यादा आयु के हो रहे हैं उनके वोट बनाने हेतु विशेष शिविर लगाकर आवेदन फार्म भी भरवाए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि सभी नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से नए वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वोट स्थान परिवर्तन और वोट में किसी प्रकार की त्रुटि संशोधन के लिए भी वोटर हेल्पलाइन की मदद ली जा सकती है। युवाओं में विशेषकर विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें हर्ष व दीपक संयुक्त रूप से प्रथम, सुमित द्वितीय व धर्मवीर तृतीय स्थान पर रहे। इन प्रतियोगिताओं के पश्चात महाविद्यालय स्टाफ के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भट्टूमंडी में एक जागरूकता रैली भी निकाली और नागरिकों को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर राजेंद्र सेवदा, दीपक कुमार, दर्शन सिंह, सीताराम, अनिल कुमार, अनिल, दिलसुख राम मौजूद थे।

# ...द्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदान ...के प्रति नागरिकों को जागरूक किया

## ...8 वर्ष की आयु वाले विद्यार्थियों के वोट बनाने के लिए आवेदन फार्म भरवाए



29.11.2021

भट्टूकलां। रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते राजकीय कॉलेज के विद्यार्थी।

मतदान की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का शुभारंभ प्राचार्य लेफ्टिनेंट विनोद कुमार ने किया। जो

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श: दिलसुख राम

14 जनवरी, 2022

भट्टूकलां (मनोज सोनी)। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें हिंदी के प्राध्यापक दिलसुख राम ने महाविद्यालय के एन एस एस की दोनों इकाई (पुरुष और महिला) के स्वंय सेवकों को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए विवेकानंद के जीवन व उनके आदर्शों के विषय मे बताया। शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में विवेकानंद जी द्वारा दिए गए भाषण के मुख्य अंशों से अवगत कराया। साथ ही विवेकानंद द्वारा देश के प्रति समर्पण और उनके आदर्शों को विद्यार्थियों को बताया। इस अवसर पर एन एस एस के पुरूष इकाई के प्रभारी दर्शन सिंह और महिला इकाई के प्रभारी राजेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन से अवगत करवाया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग के विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन से संघर्ष और समर्पण की भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस की दोनों इकाइयों के विद्यार्थियों ने भी इस ऑनलाइन वेबिनार में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मतदान करने की ली शपथ

25.01.2022

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां की एनएसएस पुरुष इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया गया। महिला इकाई प्रभारी प्रो. राजेश कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को भारतीय लोकतंत्र में मतदान की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लेकिन लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है, कि देश की कितने प्रतिशत आबादी मतदान में भाग लेती है। एनएसएस के स्वयंसेवकों का यह परम कर्तव्य बनता है कि भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें। हिंदी प्रवक्ता दिलसुख राम द्वारा ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को ध्यान से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। संवाद

25.01.2022

# राजकीय कॉलेज में स्वयंसेवकों ने ली मतदान करने की शपथ

भास्कर न्यूज़ | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस पुरुष इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया गया। महिला इकाई प्रभारी प्रो. राजेश कुमार द्वारा स्वय सेवकों को भारतीय लोकतंत्र में मतदान की भूमिका विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लेकिन लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है, कि देश की कितने प्रतिशत आबादी मतदान में भाग लेती है। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार, डॉ. रेखा रानी, प्रो दीपक सिहाग, अनिल, अनिल कुमार, मदनलाल, डॉ. कीर्ति चौधरी, जय सिंह, जीतू मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने ली मतदान करने की शपथ

भट्टूकलां, 25 जनवरी (का.प्र.) राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस पुरुष इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया गया। महिला इकाई प्रभारी प्रो. राजेश कुमार द्वारा स्वयं सेवकों को भारतीय लोकतंत्र में मतदान की भूमिका विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है लेकिन लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है, कि देश की कितने प्रतिशत आबादी मतदान में भाग लेती है।



कालेज परिसर में सफाई करते एनएसएस विद्यार्थी।

उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयं सेवकों का यह परम कर्तव्य बनता है कि भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें। हिंदी प्रवक्ता दिलसुख राम द्वारा ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को ध्यान से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर को साफ किया। पौधों में निराई गुड़ाई का काम भी किया। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार, डा. रेखा रानी, प्रो दीपक सिहाग, अनिल, अनिल कुमार, मदनलाल, डॉ. कीर्ति चौधरी, जय सिंह, जीतु व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

25 Jan, 2022.

# स्वयं सेवकों ने चलाया सफाई अभियान

भट्टूकलां (सच कहूँ न्यूज)। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की एनएसएस पुरुष इकाई के दूसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया गया। शिविर में स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर को साफ किया। स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के पार्कों की सफाई की। उन्होंने महाविद्यालय प्रांगण में लगे पौधों में निराई गुड़ाई का कार्य भी किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय की एनएसएस महिला इकाई के प्रभारी प्रो राजेश कुमार ने स्वयंसेवकों को अवशिष्ट पदार्थों को खाद में किस प्रकार परिवर्तित किया जा सकता है, के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक व अन्य अवशिष्ट पदार्थों को जलाना नहीं चाहिए क्योंकि इससे पर्यावरण को बहुत बड़ी क्षति होती है। इसको जलाने की बजाय खाद में परिवर्तित करके जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसी संदर्भ में स्वयंसेवकों ने आज महाविद्यालय में अवशिष्ट को खाद में परिवर्तित करने के लिए गड्ढों का निर्माण किया।

6 मार्च, 2022.

06 मार्च, 2022.

**दैनिक भास्कर** फतेहाबाद भास्कर 07-03-2022

# स्वयंसेवकों ने राजकीय महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस पुरुष इकाई के दूसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सेवकों ने अभियान चलाकर परिसर को साफ किया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्कों की सफाई कर पौधों में निराई गुड़ाई का कार्य भी किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय की एनएसएस महिला इकाई के प्रभारी प्रो. राजेश कुमार ने स्वयं सेवकों को अवशिष्ट पदार्थों को खाद में परिवर्तित करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक व अन्य अवशिष्ट पदार्थों को जलाना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे पर्यावरण को बहुत बड़ी क्षति होती है। इसको जलाने की बजाय खाद में परिवर्तित करके जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसी संदर्भ में स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय में अवशिष्ट को खाद में परिवर्तित करने के लिए गड्ढों का निर्माण किया। भूटानी, सुमन चावला आदि उपस्थित थे।

# स्वयंसेवकों ने ली मतदान करने की शपथ 25.01.2022

भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस पुरुष इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया गया। महिला इकाई प्रभारी प्रो. राजेश कुमार द्वारा स्वयं सेवकों को भारतीय लोकतंत्र में मतदान की भूमिका विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लेकिन लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है, कि देश की कितने प्रतिशत आबादी मतदान में भाग लेती है। हिंदी प्रवक्ता दिलसुख राम द्वारा ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार, डा. रेखा रानी, प्रो दीपक सिहाग, अनिल, अनिल कुमार, मदनलाल, डा. कीर्ति चौधरी, जय सिंह, जीतू व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

(संसू)

6 मार्च, 2022.

# महाविद्यालय परिसर में चलाया सफाई अभियान



भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में एनएसएस पुरुष इकाई का दूसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्कों की सफाई की। एनएसएस महिला इकाई के प्रभारी प्रो. राजेश कुमार ने स्वयंसेवकों को अपशिष्ट पदार्थों को खाद में परिवर्तित करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को जलाना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे पर्यावरण को बहुत बड़ी क्षति होती है। इसको जलाने की बजाय खाद में परिवर्तित करके जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसी संदर्भ में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में अपशिष्ट पदार्थ को खाद में परिवर्तित करने के लिए गड्ढों का निर्माण किया। संवाद

06 मार्च, 2022.

Date
Page


# स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में चलाया सफाई अभियान



महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाते हुए स्वयंसेवक।

भट्ला, (रणसिंह माचरा) : राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस पुरुष इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्रो दर्शन सिंह के नेतृत्व में किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर को साफ किया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्कों की सफाई की। उन्होंने महाविद्यालय प्रांगण में लगे पौधों में निराई गुड़ाई का कार्य भी किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय की एनएसएस महिला इकाई के प्रभारी प्रो राजेश कुमार ने स्वयंसेवकों को अपशिष्ट पदार्थों को खाद में किस प्रकार परिवर्तित किया जा सकता है, के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया।

# अनुशासन और ईमानदारी का पढ़ाया पाठ



एनएसएस कैंप में भाग लेने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए कालेज प्रबंधक।

संवाद सूत्र, भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हुआ। जिसमें महिला इकाई में पंकज कुमारी बेस्ट वालंटियर व नीलिमा को बेस्ट कैंपर चुना गया। पुरुष इकाई में सचिन कुमार को बेस्ट वालंटियर व रविंद्र को बेस्ट कैंपर चुना गया। सातवें व अंतिम दिन मुख्यातिथि के रूप में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विनय प्रताप ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन की पालना और ईमानदारी का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय का पालन करना और अपने लक्ष्यों को निर्धारित करके सही दिशा में प्रयास करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में अपने गुरुजनों से हमेशा ...ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्राचार्य डा. सुभाष सिहाग ने विद्यार्थियों को सेवा भाव का महत्व समझाया। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भट्टूकलां से गीता दीदी व अनिता बहन ने विद्यार्थियों को आत्मा व परमात्मा का परिचय देते हुए कहा कि आत्मा अजर अमर है। मनुष्य को अपनी आत्मा को परमात्मा की भक्ति में लीन होना चाहिए। साथ ही इन्होंने स्वयंसेवकों को ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जयसिंह जालवाल, रणसिंह मायरा, सुनील फूकना व सुरेश सोलंकी ने भी विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखे। दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह और राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को एन एस एस शिविर की समापन पर विद्यार्थियों को अनुशासन की पालना करने के लिए समझाया। इस अवसर राजेंद्र कुमार, विक्रांत मोहन, ज्योति झाझड़ा, कीर्ति चौधरी, अनिल कुमार, अनिल, दिलसुख मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों ने राजकीय महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान


# जीवन में दृढ़ निश्चय से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें : प्रो. सुखदेव

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में एनएसएस शिविर के छठे दिन फिरोज गांधी मेमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदमपुर के समाजशास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर सुखदेव ने विद्यार्थियों को अध्ययन और पुस्तकों से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ अपने कार्य को करें तो हमारे लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होगा। हम आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी को अपने जीवन में सफल होने के लिए पुस्तकों से प्रेम करना करना चाहिए। हमेशा अच्छी पुस्त... ...ढ़ना चाहिए, जिससे उनके ज्ञान ...वृद्धि होती रहे। अच्छी पुस्तकें भी मित्रों के समान ही होती है। प्रत्येक विद्यार्थी को पूरी लग्न व ईमानदारी के साथ अध्ययन कार्य करना चाहिए। सामाजिक संस्था बुलंद उड़ान की संयोजिका अंजू वर्मा ने स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को बाल अधिकारों और महिला अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर एनएसएस पुरुष इकाई प्रभारी दर्शन सिंह, एनएसएस महिला इकाई प्रभारी राजेश कुमार, दीपक सिहाग अनिल कुमार मौजूद रहे।



भट्टू महाविद्यालय में श्रमदान करती स्वयंसेविकाएं। संवाद

# कालेज स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

- लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया
- राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भट्टूकलां

भट्टूकलां महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तीसरे दिन रतिया महिला कालेज के प्रो. जसबीर ने स्वयं सेवकों ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान वो शक्ति है जो हमें जीवन में आने वाली हर कठिनाइयों से कैसे पार पाया जा सकता है, के बारे में काम आता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य के पास धन हो या सोना उनके खो जाने या या कम हो जाने का डर बना रहता है, लेकिन उसी धन को अगर हम नॉलेज में बदलते हैं तो उसके खोने का डर नहीं रहता। इस दौरान पुरुष इकाई ने गांव भट्टूकलां में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत प्लास्टिक अवशेषों को एकत्रित करते हुए लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया, वहीं स्वयं सेवकों ने ...जकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। जहां पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सज्जन कुमार व समाज शास्त्र प्रवक्ता गोलू राम ने स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर अपने विचारों से प्रेरित किया। दसरी और ... परिस... ...किया। यहां ...न स्टाफ ...रहे।

# स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय भट्टूकलां में चलाया सफाई अभियान

## चौथे दिन बैंक द्वारा चलाई योजनाओं की दी जानकारी



शिविर में उपस्थित विद्यार्थी। • जागरण

भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में एनएसएस शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के डिप्टी मैनेजर महेश पारीक ने सभी स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनहित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मैनेजर ने बताया कि एक विद्यार्थी अपने अध्ययन और उद्यम स्थापना के

# दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति की तैयारी करें : सुखदेव

भट्टूकलां, 27 मार्च (का.प्र.) : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में एनएसएस शिविर के छठे दिन फिरोज गांधी मेमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदमपुर के समाज शास्त्र के पद पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर सुखदेव ने एन.एस.एस. विद्यार्थियों को अपने अध्ययन और पुस्तकों से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ अपने कार्य को करें तो हमारे लिए कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होगा।

हम आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। उन्होंने बताया की विद्यार्थी को अपने जीवन में सफल होने के लिए पुस्तकों से प्रेम करना करना चाहिए। विद्यार्थियों को हमेशा अच्छी पुस्तकें पढ़ना चाहिए, जिस से उनके ज्ञान में वृद्धि होती रहे। प्रत्येक विद्यार्थी को पूरी लग्न व ईमानदारी के साथ अध्ययन कार्य करना चाहिए। एक विद्यार्थी को अपने माता-पिता और बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वयं सेवकों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की भी सलाह दी। सामाजिक संस्था बुलंद उड़ान फतेहाबाद की संयोजिका अंजू वर्मा ने स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं बाल अधिकारों और महिला अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस पुरुष इकाई प्रभारी दर्शन सिंह, एनएसएस महिला इकाई प्रभारी राजेश कुमार, दीपक सिहाग, अनिल कुमार सहित महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।


# एनएसएस शिविर के दूसरे दिन सिखाया योग

## राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में सात दिवसीय शिविर आयोजित

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत एनएसएस गीत के साथ हुई। स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए।

स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में सभी शहीदों के योगदान और बलिदान को भी याद किया और अपने विचार रखे। शिविर में योग शिक्षक प्रमोद घोटड़ और पवन कुमार ने सभी स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को विभिन्न प्रकार के योगासन और प्राणायाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग शिक्षक प्रमोद घोटड़ और पवन कुमार ने विद्यार्थी जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन योग करना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके और अध्ययन कार्य में भी सहायता मिले। इसके बाद स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान भी चलाया। एनएसएस इकाई के दोनों प्रभारी प्रो. राजेश कुमार व प्रो. दर्शन सिंह ने भी शहीदों के जीवन वृत्तांत से अवगत करवाया। संवाद

# विद्यार्थी जीवन में समय व अनुशासन का विशेष महत्व : डॉ. सुभाष सिहाग




भट्टू महाविद्यालय में स्वयंसेवकों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र। संवाद

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में मंगलवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ आजादी के अमृत महोत्सव थीम के अंतर्गत हुआ। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं को समय और अनुशासन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय और अनुशासन की पालना करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थी के जीवन में समय और अनुशासन का विशेष महत्व है। कामयाबी उन्हीं लोगों को मिलती है जो समय की कद्र करते हैं और अनुशासन की पालना करते है। इस दौरान दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह और राजेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को शिविर के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देकर सातों दिनों की कार्यवाही के बारे में बताया। विश्व जल दिवस पर विद्यार्थियों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई।

भूगोल विषय के प्राध्यापक दीपक ने वर्तमान समय में जल संरक्षण कहां आवश्यक है, विषय पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक राजेंद्र, डॉ. राजा राम, विक्रांत मोहन, अनिल, अनिल, हरीश, दिलसुख राम सहित स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# महाविद्यालय परिसर में चलाया सफाई अभियान



भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में एनएसएस पुरुष इकाई का दूसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी प्रो. दर्शन सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्कों की सफाई की। एनएसएस महिला इकाई के प्रभारी प्रो. राजेश कुमार ने स्वयंसेवकों को अपशिष्ट पदार्थों को खाद में परिवर्तित करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को जलाना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे पर्यावरण को बहुत बड़ी क्षति होती है। इसको जलाने की बजाय खाद में परिवर्तित करके जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसी संदर्भ में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में अपशिष्ट पदार्थ को खाद में परिवर्तित करने के लिए गड्ढों का निर्माण किया। संवाद

# एनएसएस शिविर में जल बचाने की दिलाई शपथ

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ आजादी के अमृत महोत्सव थीम के अंतर्गत हुआ। शिविर में प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं को समय व अनुशासन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय व अनुशासन की पालना करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह व राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को शिविर के बारे में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देकर शिविर की सातों दिनों की कार्यवाही को विस्तार से बताया। शिविर में विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई।

भूगोल विषय के प्राध्यापक दीपक सिहाग ने वर्तमान समय में जल संरक्षण की आवश्यक विषय पर व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक राजेंद्र सिंह, डॉ. राजा राम, विक्रांत मोहन, अनिल कुमार, अनिल, हरीश कुमार, दिलसुख राम सहित सभी स्वयं सेवक मौजूद रहे।


# नीलिमा व रविंद्र बेस्ट कैंपर, पंकज व सचिन बेस्ट वालंटियर बने

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हो गया। शिविर में महिला इकाई में पंकज कुमारी बेस्ट वालंटियर व नीलिमा को बेस्ट कैंपर चुना गया।

वहीं पुरुष इकाई में सचिन कुमार को बेस्ट वालंटियर व रविंद्र को बेस्ट कैंपर चुना गया। शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विनय प्रताप ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने एनएसएस की दोनों इकाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय का पालन करना और अपने लक्ष्यों को निर्धारित करके सही दिशा में प्रयास करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन मे अपने गुरुजनों से हमेशा सीखने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को सेवा भाव का महत्व समझाया। इस शिविर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भट्टूकलां से गीता दीदी व अनीता बहन ने विद्यार्थियों को आत्मा व परमात्मा का परिचय देते हुए कहा कि आत्मा अजर अमर है। मनुष्य को अपनी आत्मा को परमात्मा की भक्ति में लीन होना चाहिए। साथ ही इन्होंने स्वयं सेवकों को ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी योगेश ने शिविर के सातों दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह और राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को एनएसएस शिविर की समापन पर विद्यार्थियों को अनुशासन की पालना करने के लिए समझाया। इस अवसर राजेंद्र, कीर्ति चौधरी, अनिल कुमार, अनिल कुमार, विक्रांत मोहन, ज्योति झाझड़ा, दिलसुख व सभी स्वयं सेवक मौजूद रहे।



शिविर में बेस्ट कैंपर व बेस्ट वालंटियर को सम्मानित करते मुख्यातिथि बीडीपीओ विनय प्रताप व प्राचार्य सुभाष सिहाग। संवाद

## डीएफओ ने महाविद्यालय में लगाई त्रिवेणी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में जिला वन अधिकारी राजेश कुमार ने हरियाली वन महोत्सव के उपलक्ष्य में त्रिवेणी लगाकर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। जिला वन अधिकारी ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हम लगाने से अधिक पेड़ काटने का कार्य कर रहे हैं। जिससे पृथ्वी का वातावरण दिन प्रतिदिन प्रदूषित होता जा रहा है। वन विभाग की ओर से छोटूराम, प्रह्लाद, महेंद्र व राजाराम हुड्डा ने भी महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। संवाद

# कैंप में पंकज कुमारी बेस्ट वालंटियर और नीलिमा बेस्ट कैम्पर चुनी गई

## राजकीय कॉलेज के एनएसएस शिविर में बताया अनुशासन का महत्व



भट्टूकलां। राजकीय कॉलेज में एनएसएस शिविर में स्वयं सेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन हुआ। कैंप में महिला इकाई में पंकज कुमारी बेस्ट वॉलंटियर व नीलिमा को बेस्ट कैम्पर चुना गया। पुरुष इकाई में सचिन कुमार को बेस्ट वॉलंटियर व रविंद्र को बेस्ट कैम्पर चुना गया। कैंप के समापन समारोह में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विनय प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय का पालन करने और अपने [illegible] करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने आए हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को [illegible] भाव का महत्व समझाया। शिविर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से गीता दीदी व अनिता बहन ने विद्यार्थियों को आत्मा व परमात्मा का परिचय देते हुए कहा कि आत्मा अजर अमर है। दोनों इकाइयों के प्रभारी दर्शन सिंह और राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को एनएसएस शिविर की समापन पर विद्यार्थियों को अनुशासन की पालना करने के लिए समझाया। इस अवसर राजेंद्र कुमार, विक्रांत मोहन, ज्योति झाझड़ा, कीर्ति चौधरी, अनिल कुमार, अनिल, दिलसुख मौजूद थे।

# डीएफओ ने त्रिवेणी लगा किया पौधारोपण करने का आह्वान



राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में हरियाली वन महोत्सव के दौरान पौधारोपण करते डीएफओ राजेश कुमार।

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में जिला वन अधिकारी राजेश कुमार ने हरियाली वन महोत्सव के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में त्रिवेणी लगाकर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। जिला वन अधिकारी ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हम लगाने से अधिक पेड़ काटने का कार्य कर रहे हैं। जिससे पृथ्वी का वातावरण दिन प्रतिदिन प्रदूषित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने का कार्य करते हैं। मगर वर्तमान समय में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को बढ़ा दिया है, जिससे धरती का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससे बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष सिहाग ने भी विद्यार्थियों को पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाए रखने का आह्वान किया। प्रत्येक विद्यार्थी का यह परम कर्तव्य बनता है कि वह पर्यावरण को संतुलित रखने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से छोटू राम, प्रह्लाद, महेंद्र व राजा राम हुड्डा ने भी परिसर में पौधे लगाकर विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।